# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-05

पंचम् (बजट) सत्र
गुरुवार, दिनांक-04, मार्च, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.44 बजे अप० तक।
(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करने के उपरांत माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा हजारीबाग में आर.टी.आई. कार्यकर्त्ता सह पत्रकार, श्री राजेश मिश्रा को अफीम तस्करी का फर्जी आरोप लगाकर गिरफ्तार किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया जिसे संज्ञान में लिया गया।

### 1.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य, श्री जयप्रकाश भाई पटेल, श्री मनीष जयसवाल, श्री अनन्त कुमार ओझा एवं श्री केदार हजरा द्वारा राज्य में हो रहे अवैध खनन के विषय पर तथा माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार मण्डल द्वारा जे.पी.एस.सी. की नियमावली में संशोधन सम्बन्धी अलग-अलग कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनायें दी गयी जिन्हें आसन द्वारा पढ़ा गया तदुपरांत नियमानुकूल नहीं होने के कारण उक्त कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को अमान्य किया गया।

### 2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-34**

**(क) उत्तरित कुल-05,** अ० सू०-69, श्री ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन, स० वि० स०,

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य अपने द्वारा दिये गये कार्यस्थगन प्रस्तावों पर चर्चा कराये जाने की माँग को लेकर स्लोगनयुक्त पोस्टर के साथ सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे और धरने पर बैठ गये।)

अ० सू०-70, श्री निरल पुरती, स० वि० स०,
अ० सू०-71, सुश्री अम्बा प्रसाद, स० वि० स०,
अ० सू०-72, श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, स० वि० स०,
अ० सू०-73, श्री बंधु तिर्की, स० वि० स०।

**(ख) अनागत कुल-29** अ० सू०-74 से लेकर अ० सू०-102 तक।

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-49**

**(क) उत्तरित मात्र-06,** तारां०-155, श्री रामचन्द्र सिंह, स० वि० स०,
तारां०-156, श्रीमती सीता सोरेन, स० वि० स०,

तारां०-159, डॉ० लम्बोदर महतो, स० वि० स०,
तारां०-160, श्री मंगल कालिंदी, स० वि० स०,
तारां०-161, श्री दीपक बिरुवा, स० वि० स०,
तारां०-167, श्री मथुरा प्रसाद महतो, स० वि० स०।

**(ख) अपृष्ठ कुल-09,** तारां०-153, श्री मनीष जयसवाल, स० वि० स०,
तारां०-154, श्री अमित कुमार मण्डल, स० वि० स०,
तारां०-157, श्री केदार हजरा, स० वि० स०,
तारां०-158, श्री कोचे मुण्डा, स० वि० स०,
तारां०-162, श्री नवीन जयसवाल, स० वि० स०,
तारां०-163, श्री कुशवाहा डॉ० शशिभूषण मेहता, स० वि० स०,
तारां०-164, श्री अमित कुमार मण्डल, स० वि० स०,
तारां०-165, श्री कोचे मुण्डा, स० वि० स०,
तारां०-166, श्री किशुन कुमार दास, स० वि० स०।

**(ग) अनागत कुल-34,** तारां०-168 से लेकर तारां०-201 तक।

माननीय सदस्य, श्री मंगल कालिंदी के तारांकित प्रश्न संख्या-160 के आलोक में सरकार द्वारा दिये गये उत्तर पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध किया कि पूरे राज्य में केबलिंग के दौरान सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिसका प्रबल उदाहरण विधान सभा भवन के सामनेवाली सड़क भी है। उन्होंने अनुरोध किया कि यथाशीघ्र क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मति करायी जाय जिसे संसदीय कार्यमंत्री द्वारा संज्ञान में लिया गया।

## 3.शून्यकाल:-

आज के लिए निर्धारित निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी गयी-

श्रीमती सीता सोरेन,
श्री उमाशंकर अकेला,
श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह,
श्री समीर कुमार मोहंती,
श्रीमती ममता देवी,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री दशरथ गागराई,
श्री मथुरा प्रसाद महतो,
डॉ० लम्बोदर महतो,
श्री दीपक बिरुवा,
श्री राजेश कच्छप,
श्री भूषण बाड़ा,
डॉ० इरफान अंसारी,
श्री बंधु तिर्की,
श्री भूषण तिर्की एवं
श्री रामदास सोरेन।

नोटः-दिनांक-03.03.2021 को जारी दैनिक विवरणिका में अंकित कुल-27 शून्यकाल की सूचनाओं के स्थान पर कुल-25 शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी जाय।

## <u>4.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें एवं उसपर सरकार का वक्तव्य:-</u>

i- माननीय सदस्य, श्री ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र सिंह से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii- माननीय सदस्य, प्रो० स्टीफन मराण्डी से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iv- माननीय सदस्य, श्री रामदास सोरेन एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

v- माननीय सदस्य, डॉ० लम्बोदर महतो से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

vi- माननीय सदस्य, श्री समीर कुमार मोहन्ती से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

(इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा द्वारा आसन से अनुरोध किया गया कि सदन में उत्पन्न गतिरोध को दूर किया जाय। माननीय सदस्य, श्री लोबिन हेम्ब्रम ने भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन को बाधित किये जाने को लेकर आपत्ति जतायी। आसन द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया कि इस विषय पर जल्द ही मिल बैठकर समाधान निकाल लिया जायेगा।)

## <u>5.आसन से घोषणा:-</u>

सभा नियम-224(1) के तहत पूर्व मे गठित कार्यमंत्रणा समिति मे माननीय सदस्य, डॉ० सरफराज अहमद एवं माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप मे मनोनीत किये जाने की घोषणा आसन से की गयी।

(अन्तराल)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करने के उपरांत माननीय सदस्य, प्रो0 स्टीफन मराण्डी ने आसन से अनुरोध किया कि विभिन्न मामलों को लेकर सदन मे हो रहे गतिरोध के समाधान हेतु कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आहूत की जाय जिसे आसन द्वारा स्वीकार कर लिया गया इस क्रम मे माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही ने राज्य मे लगातार किये जा रहे आई.ई.डी. विस्फोटों की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट किया गया जिसे संज्ञान मे लिया गया तत्पश्चात् सभा की <u>कार्यवाही 02.40 बजे अप0 तक</u> के लिये स्थगित कर दी गई।

(स्थगनोपरांत)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्य, श्री मनीष जयसवाल ने छात्रा पूजा भारती का शव पतरातू डैम से हुई बरामदगी के सम्बन्ध में आसन का ध्यान आकृष्ट किया।

## 6.<u>वित्तीय कार्य</u>:-

आज के लिए निर्धारित वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक पर वाद-विवाद में भाग लेने के निमित्त विभिन्न दलों के लिए समय आवंटन की घोषणा आसन से की गयी तदुपरांत पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने इसमें भाग लिया-

प्रो॰ स्टीफन मराण्डी,

**श्री बिरंची नारायण,**

**श्री उमाशंकर अकेला एवं**

**(इस अवसर पर सभा की सहमति से कार्यवाही पर्यन्त सदन का समय विस्तारित किया गया। वाद-विवाद के क्रम में विरोधस्वरूप भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन से बहिर्गमन किया गया।)**

**श्री बंधु तिर्की** तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक-05.03.2020 के 11.00 बजे पूर्वा॰ तक के लिए स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,<br>सचिव,<br>झारखण्ड विधान सभा।

राँची,<br>दिनांक- 04मार्च, 2020ई॰।